गांधी जयन्ती समारोह

02 अक्टूबर, 2020

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में आज दिनांक 2 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 151वीं जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम के शुभारम्भ में संस्थान के दीक्षान्तगृह में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं ि"ाक्षा परिषद् के महानिदे"ाक एवं निदे"ाक वन अनुसंधान संस्थान श्री अरूण सिंह रावत जी तथा अन्य अधिकारियों ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की चित्र पर श्रद्वासुमन अर्पित किये। तत्प"चात संस्थान के निदे"ाक द्वारा समस्त अधिकारियों एवं प्रभाग प्रमुखों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गइ। इस अवसर पर संस्थान में विभिन्न कार्यकमों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रातः 7.30 से 8.30 बजे तक परिसर में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। परिसर को साफ सुथरा एवं पॉलीथीन मुक्त रखने हेतु अपील भी की गई। इसी क्रम में 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न प्रभागों एवं उनके परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान संस्थान के प्रभागों व कार्यालयों में प्रभाग प्रमुखों द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई व अपराह्न 12.00 बजे तक कार्यालया में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें संस्थान के समस्त वन अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, एफ0 आर0 आई0 (सम) वि"वविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं संविदा कर्मियों ने बढ–चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के जनसम्पर्क अधिकारी डा0 के0 पी0 सिंह द्वारा किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती पर मुख्य भवन के गुम्बदों पर राष्ट्र ध्वज फहराया गया एवं रात्रि में संस्थान के मुख्य भवन को रो"ानी से जगमगाया गया।

DIETRICH BRANDIS.
1864 - 1881.